# 500 वर्गमीटर से अधिक के सभी नक्शे रेरा पोर्टल पर होंगे अपलोड

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना : राज्य के सभी शहरी निकायों एवं आयोजना क्षेत्र (प्लानिंग एरिया) में 500 वर्गमीटर से अधिक या आठ निर्माणाधीन इकाइयों से अधिक वाली सभी भवनों के पास नक्शे बिहार रेरा के पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। बिहार रेरा ने इस बाबत सभी नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत पदाधिकारी को पत्र लिखकर ऐसे नक्शों को रेरा पोर्टल (www.rera.bihar.gov.in) पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण ने सभी नगर निकायों एवं आयोजन क्षेत्र प्राधिकारों को इसके लिए यूजर आइडी एवं पासवर्ड भी प्रदान कर दिया है, ताकि वो नई सुविधा को आसानी से उपयोग में ला सकें ।

बिहार रेरा के अनुसार, इस माध्यम से नगर निकायों एवं

**1 नवंबर से पास नक्शों को करना होगा अपलोड, उसके पहले ई-मेल पर भेजनी होगी नक्शे की प्रति**

आयोजन क्षेत्र प्राधिकारों को एक नवंबर से पारित भवन के नक्शों एवं उनके साथ जारी होने वाले परमिट लेटर, नक्शा का पुनर्वैधीकरण एवं आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट की प्रति रेरा बिहार के पोर्टल पर अपलोड करना है। वहीं, इसके पूर्व 31 अक्टूबर तक पारित भवन के नक्शों एवं उनके साथ जारी होने वाले परमिट लेटर, नक्शा का पुनर्वैधीकरण एवं आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट की प्रति रेरा बिहार को ईमेल (urban.rera@gmail.com) के माध्यम से उपलब्ध कराना है। इसको लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग ने भी सभी नगर निकायों को निर्देश जारी किया था।